भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.1365
03 दिसम्बर, 2024 को उत्तरार्थ

विषय: प्राकृतिक और जैविक खेती करने वाले किसान

1365. श्री दामोदर अग्रवाल:

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राजस्थान में विशेषकर भीलवाड़ा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्राकृतिक और जैविक खेती करने वाले किसानों और उनके भू-क्षेत्र का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा विगत पांच वर्षों के दौरान राजस्थान में प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई योजनाओं का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने प्राकृतिक और जैविक खेती करने वाले किसानों हेतु मौजूदा प्रोत्साहन राशि में वृद्धि की है/करने का प्रस्ताव किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री भागीरथ चौधरी)

(क) एवं (ख): राजस्थानसरकार,वर्ष 2015-16 से 1.485 लाखहेक्टेयरक्षेत्रमें 2.17 लाख किसानोंको शामिल करते हुए परम्परागत कृषि विकासयोजना (पी.के.वी.वाई.) के माध्यम सेजैविक खेती को क्रियान्वित कर रही है। राजस्थान सरकार द्वारा पिछले पांचवर्षों के दौरान भीलवाड़ा सहित जिले-वार किसानों, भूमि क्षेत्र और प्रदान की गई वित्तीय सहायता का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ग) और (घ): भारतसरकार,पी.के.वी.वाई.और पूर्वोत्तर क्षेत्र जैविक मूल्य श्रृंखला विकास मिशन (एम.ओ.वी.सी.डी.एन.ई.आर) के माध्यम से देश में जैविक खेती को बढ़ावा दे रही है। भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति (बी.पी.के.पी), पीकेवीवाई के तहत एक प्राकृतिक खेती योजना, को अब राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ) में परिवर्तित कर दिया गया है, जिसे भारत सरकार द्वारा दिनांक 25.11.2024 को मंजूरी दे दी गई है। वर्तमान में मौजूदा इंसेनटिव्स में परिवर्तन का कोई प्रस्ताव नहीं है।

राजस्थान राज्य में पी.के.वी.वाई.									
क्र. सं.	जिले	क्षेत्रफल (हेक्टेयर)	किसानों की संख्या	पिछले 5 वर्षों में वित्तीय प्रगति (लाख रुपए में)					
				2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	कुल
1	अजमेर	4000	5244	138.94	24.95	12.84	245.17	119.44	541.35
2	अलवर	4500	6068	97.15	32.46	31.01	281.99	94.39	537.02
3	बांसवाड़ा	2000	4829	64.52	2.75	61.74	143.71	0.00	272.72
4	बारन	3500	5329	54.65	9.16	117.24	160.50	106.29	447.85
5	बाड़मेर	9500	11750	304.49	107.36	265.84	488.58	24.82	1191.09
6	भरतपुर	4100	5777	112.51	27.52	8.06	16.12	159.75	323.96
7	**भीलवाड़ा**	**4000**	**6312**	**219.35**	**6.46**	**37.52**	**195.05**	**155.33**	**613.71**
8	बीकानेर	10700	13250	348.27	10.47	667.70	52.14	0.00	1078.58
9	बूंदी	2400	4525	115.91	14.05	13.02	196.02	0.00	339.00
10	चित्तौड़गढ़	3500	7841	95.54	36.85	15.40	37.55	102.03	287.37
11	चुरू	8140	9850	69.79	38.54	247.84	22.94	151.16	530.27
12	दौसा	2400	3476	49.21	0.00	22.15	144.85	64.47	280.68
१३	धौलपुर	2500	3390	43.71	25.30	10.85	6.76	84.92	171.53
14	डूंगरपुर	4000	9565	231.44	34.32	130.61	95.08	66.59	558.04
15	गंगानगर	6100	7008	164.22	16.04	25.55	366.40	243.24	815.46
16	हनुमानगढ़	6100	7384	50.81	0.00	90.69	353.45	210.43	705.38
17	जयपुर	6100	8825	354.77	45.68	317.37	210.66	138.40	1066.87
18	जैसलमेर	5300	5930	170.36	2.95	37.00	312.11	1.15	523.57
19	जालौर	4900	3442	81.62	17.11	3.91	10.02	0.00	112.66
20	झालावाड़	3900	7547	111.44	57.88	83.83	4.66	203.85	461.65
21	झुंझुनू	3500	5441	155.56	26.62	116.03	221.53	86.78	606.53
22	जोधपुर	8400	10500	192.95	104.09	62.08	246.30	1.01	606.43
23	करोली	2500	3849	75.47	25.33	55.79	40.70	81.52	278.81
24	कोटा	2400	4500	42.43	15.46	22.75	70.41	60.60	211.65
25	नागौर	9560	13289	186.65	7.07	249.58	812.08	221.28	1476.65
26	पाली	3400	4480	187.83	0.00	94.43	475.40	0.00	757.67
27	प्रतापगढ़	1800	4244	14.41	0.80	28.90	161.61	0.00	205.72
28	राजसमंद	2300	3947	60.65	25.78	44.34	89.64	114.61	335.01
29	एस. माधोपुर	3400	6281	105.81	0.00	99.18	208.06	102.69	515.75
30	सीकर	3500	4968	267.85	0.00	21.12	356.09	18.21	663.27
31	सिरोही	2500	4963	26.39	23.25	3.88	36.92	0.00	90.43
32	टोंक	4500	6464	188.50	0.00	60.56	265.05	87.19	601.30
33	उदयपुर	3100	7211	68.94	0.00	41.77	110.55	0.00	221.26
	मुख्यालय जयपुर	0	0	4.24	0.00	9.72	390.37	188.39	592.72
कुल		**148500**	**217479**	**4456.37**	**738.27**	**3110.29**	**6828.46**	**2888.56**	**18021.95**

****